हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 19 अक्टूबर 2024
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड





## कोडार बांध के टापू में पहुंचे कैडेट्स




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नेवल एनसीसी रायपुर द्वारा आयोजित सैलिंग एक्सपीडेसन का रोमांचक छटवां दिन शुक्रवार को संपन्न हुआ। कैडेट्स का पाल नौकायन सुबह 7 बजे कोडार बांध के जेट्टी से प्रारंभ हुआ। कैडेट्स सैलिंग करते हुए कोडार बांध के बीचों-बीच टापू में जाकर ठहरे और वहीं दोपहर का भोजन भी किया।

फिर नौकायन करते हुए हवा के बहाव के साथ आगे बढ़ गए। करीब 30 किलोमीटर का सफर तय करते हुए लगभग 4.30 बजे वापसी के साथ नौकायन पूरा हुआ। सैलिंग के बाद कैडेटों को भीमखोज खल्लारी मंदिर में खल्लारी माता का दर्शन किया।

## खबर संक्षेप



### सायकल देने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** सायकल देने से मना करने पर मारपीट करने वाले आरोपी के खिलाफ सांकरा पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को प्रार्थी मुक्ति बिसरा ग्राम ढाबाखार ने बताया कि 16 अक्टूबर को रात 10 बजे गांव के सफेद नंद ने मेरा सायकल को मांगा, लेकिन मेरे द्वारा मना करने पर सफेद नंद गाली गलौज कर चला गया। प्रार्थी ने बताया कि 17 अक्टूबर को तालाब की ओर से लौटकर घर के पास पहुंचा था, तभी आरोपी सफेद नंद ने सायकल नहीं देने की बात को लेकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### शराब की अवैध बिक्री के दो मामलों में कार्रवाई

**महासमुंद।** बसना और पिथौरा पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री के दो मामलों में कार्रवाई की है। बसना पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम बेल्डीहपठार से तोषगांव जाने का मार्ग पुल के पास ग्राम बेल्डीहपठार में आरोपी धनेश्वर रात्रे पिता सुकरत रात्रे (30 साल) बेल्डीहपठार के कब्जे से 7 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई इसी तरह पिथौरा पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि लहरौद पडाव हमर ढाबा में अवैध रूप से शराब बिक्री किया जा रहा है। इसके बाद लहरौद पडाव हमर ढाबा पहुंचकर पूछताछ कर चेक करने पर 18 नग देशी मदिरा शराब बरामद किया गया। पुलिस ने मामले में आरोपी कमलेश कुमार डडसेना के खिलाफ धारा 34(1)क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### शराब पिलाने की सुविधा दे रहे व्यक्ति पर कार्रवाई


**महासमुंद।** शराब पिलाने की सुविधा देने वाले व्यक्ति पर बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बतायाकि मुखबीर से सूचना मिली कि एनएच 53 रोड ग्राम छुईपाली में शरद तिवारी नामक व्यक्ति अपने ढाबा के पीछे में आम लोगों को शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर शराब पी रहे लोग भाग निकले। वहीं पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम शरद तिवारी पिता गणेशराम तिवारी (52 साल) तिवारी ढाबा ग्राम छुईपाली का निवासी होना बताया। इस दौरान पुलिस ने 2 पौवा देशी प्लेन शराब का खाली शीशी एवं 02 नग डिस्पोजल गिलास जब्त किया। आरोपी के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## निर्माण : 70 फीसदी मुआवजा का हो चुका वितरण

# दिवाली के बाद से शुरू होगा बेलसोंडा में प्रस्तावित ओवरब्रिज का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बेलसोंडा में प्रस्तावित ओवरब्रिज का निर्माण दिवाली त्योहार के बाद शुरू करने की तैयारी है। ब्रिज में जिनकी जमीन आ रही है, उनमें से अधिकतर किसानों को मुआवजा का वितरण कर दिया गया है। 30 फीसदी किसानों को आने वाले दिनों में वितरण किया जाएगा। पहले 13 किसानों को 5 करोड़ 60 लाख रुपए मुआवजा का वितरण किया गया था। 14 किसानों के लिए 4 करोड़ भुगतान के लिए एनएच ने प्रस्ताव भेजा था। बताया जाता है कि इसकी स्वीकृति भी मिल गई है। दीपावली के पहले तक मुआवजा वितरण का काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद ओवरब्रिज निर्माण कार्य की शुरुआत होगी। करीब डेढ़ साल के भीतर ब्रिज बनकर तैयार हो या जाएगा।



### आवाजाही होगी आसान

बेलसोंडा रेलवे क्रासिंग पर प्रतिदिन हर 15 से 20 मिनट में वाहनों की कतार लग रही है। डिवाइडर बनने के बाद भी आगे बढ़ने के लिए होड़ लगी रहती है। कई बार लोग गलत लेन से आगे बढ़ जाते हैं। बेलसोंडा रेलवे क्रासिंग पर दूसरे फाटक का निर्माण लगभग पूरा हो गया। दोनों फाटक पर आवाजाही शुरू होने के बाद लोगों को जाम से भी मुक्ति मिल जाएगी।

इस ओवरब्रिज के बन जाने से रायपुर रोड पेड़ से आने-जाने वालों को बड़ी राहत मिलेगी। पिछले साल मार्च 2023 को बेलसोंडा में ओवरब्रिज निर्माण के लिए एक 58 करोड़ 66 लाख रुपए की स्वीकृति हो मिली थी। पिछले साल नवंबर में ओवरब्रिज निर्माण शुरू करने की योजना बनाई थी। विधानसभा चुनाव और फिर लोकसभा चुनाव के कारण इस प्रक्रिया में काफी विलंब हो गया। ओवरब्रिज की हद में आ रहे पेड़ों की शिफ्टिंग पहले ही की जा चुकी है। वर्तमान में खरोरा से घोड़ारी तक वाहनों का दबाव बढ़ता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में इस मार्ग पर दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। इस मार्ग पर डिवाइडर बनाने की मांग भी उठने लगी है। इस मार्ग पर रात में सफर करना काफी कठिन हो गया है। एनएच के मुताबिक ओवरओवरब्रिज बनने में करीब डेढ़ साल का वक्त लग सकता है। नेशनल हाइवे के स्थानीय अधिकारी ने बताया कि 70 फीसदी मुआवजा का वितरण हो गया है। जल्द ही मुआवजा का वितरण पूरा हो जाएगा। इसके बाद ओवरओवरब्रिज निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

# गांजा तस्करों को 11-11 वर्ष का सश्रम कारावास, 1-1 लाख का अर्थदण्ड भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सूटकेश में अवैध रुप से 21 किलो

- आदेश में न्यायालय ने किया मादक पदार्थों की गिरफ्त में युवाओं के जीवन को बर्बाद किए जाने का उल्लेख

गांजा की तस्करी किए जाने के मामले में जनवरी 2024 में पकड़े गए दो आरोपियों को दोषी पाए जाने पर एनडीपीएस विशेष न्यायाधीश सुश्री संधपुष्पा भतपहरी द्वारा 11-11 वर्ष की सश्रम करावास सजा एवं एक-एक लाख रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड की राशि नहीं अदा किए जाने पर 01-01 वर्ष के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा अतिरिक्त भुगताए जाने का आदेश पारित किया गया।

अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार के कोतवाली थाना क्षेत्र के रेल्वे स्टेशन बेलसोंडा के केबिन रूम के पास के रास्ते में दो आरोपियों द्वारा मिलकर संयुक्त रूप से एक मेहरून रंग के बड़े सूटकेस में कुल 20 किलो 780 ग्राम मादक पदार्थ गांजा अवैध रूप से विक्रय करने के प्रयोजन से बिना किसी वैध अनुज्ञप्ति के परिवहन करते पकड़ा। दोनों आरोपी अंकित शर्मा पिता भगवती प्रसाद शर्मा तथा वाहिद खान उत्तरप्रदेश के जिला अलीगढ़ के रहने वाले हैं, जो कि उडीसा से अवैध मादक पदार्थ को लेकर अन्य राज्य में बिक्री के लिए ले जाते हुए पकड़े गए। कोतवाली थाना द्वारा विवेचना कर उक्त प्रकरण में माननीय विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) सुश्री संघपुष्पा भतपहरी के न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। जिसका विचारण कर आज निर्णय पारित किया गया। जिसमें दोनों आरोपियों को 11-11 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 01-01 लाख रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया तथा अर्थदण्ड की राशि नहीं पटाए जाने पर 01-01 वर्ष के सश्रम कारावास पृथक से भुगतार जाने का आदेश पारित किया गया। शासन की ओर से श्री जितेन्द्र कुमार साहू, विशेष लोक अभियोजक (एनडीपीएस), महासमुन्द के द्वारा पैरवी की गयी।

### इस बात का किया न्यायालय ने आदेश में विशेष उल्लेख

न्यायालय द्वारा अपने आदेश में विशेष तौर पर इस बात का उल्लेख किया गया है कि समाज में खासकर युवा वर्ग तथा छोटे बालकों के मनःस्थिति को नशे की गिरफ्त में लिया जा रहा है। जिसे यह भी ज्ञान नहीं है कि इसका उनके जीवन पर क्या प्रभाव होगा। अतः नशे के इन कारोबारियों पर उदार दृष्टिकोण अपनाया जाना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता।

### दादी से की मारपीट

**महासमुंद।** बनसिवनी की एक महिला के साथ उसके नाती द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। प्रार्थिया कुंवरबाई बंजारे ने बताया कि मेंरे 04 बेटे हैं और सभी अलग-अलग रहते हैं। मेरी तबियत ठीक नहीं लगने से डाक्टर को दिखाने के लिये 16 अक्टूबर की रात 8.30 बजे घर से निकल कर जा रही थी। रास्ते में मेरा नाती राहुल कुमार बंजारे खड़ा था, जिसने मुझे देखकर कहा कि इसी के कारण घर में लड़ाई-झगड़ा, कलह होता है और गाली देते हुए डंडे से मारपीट कर धकेल दिया। जमीन करने से प्रार्थिया को चोट लगी। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# 90 लाख का घोटाला, एफआईआर दर्ज होने के बाद प्रभारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले क़े बसना ब्लॉक अंतर्गत धान खरीदी केंद्र टांगापासा मे 90 लाख रुपए से भी अधिक की हेराफेरी का मामला सामने आने के बाद बसना क़े टांगापासा खरीदी प्रभारी जन्मजय चौधरी निवासी बिरेनडबरी क़े खिलाफ 316(5)-बीएनएस, 318(1)-बीएनएस केस दर्ज कर लिया गया है। मामले में बताया जा रहा है कि आरोपी फिलहाल फरार है। बता दें कि शिकायत जांच के बाद शासन को 90 लाख से अधिक क्षति पहुंचाने की पुष्टि हुई। वही विभाग द्वारा निलंबित भी कर दिया गया। पिरदा जिला सहकारी बैंक क़े प्रबंधक आरएस भोई ने बताया की जन्मजय चौधरी भले ही फरार है और अग्रिम ज़मानत ले लें। लेकिन, जो नुकसान किया गया है उसका रिकवरी भरना पड़ेगा। बताया कि फिलहाल इस साल धान खरीदी के लिए टांगापासा मे सेवन चौधरी और ऑपरेटर मुकेश पटेल को समर्थन मूल्य मे धान खरीदी क़े लिए संयुक्त रूप से प्रभार दिया गया है।

**यह है पूरा मामला** - शिकायत के बाद हुई जांच कार्यवाही मे प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या० सरकण्डा पं. क. 1225 (मुख्यालय टांगापासा) के उपार्जन केंद्र टांगापासा में समर्थन मूल्य पर वर्ष 2023-24 में किए गए धान उपार्जन केंद्र टांगापासा का भौतिक सत्यापन छालो विशाल, शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्या. रायपुर शाखा भंवरपुर एवं राधेश्याम भोई पर्यवेक्षक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्या. रायपुर शाखा पिरदा के द्वारा किया गया। संयुक्त भौतिक सत्यापन प्रतिवेदन के अनुसार धान उपार्जन केंद्र टांगापासा में 868 कृषकों से कुल धान खरीदी 70158.00 क्विंटल के विरूद्ध 67240.35 क्विंटल का परिवहन हुआ है तथा 2917.65 क्विंटल धान परिवहन हेतु शेष दिख रहा है, परंतु धान उपार्जन केंद्र टांगापासा में भौतिक रूप से धान उपलब्ध नहीं है।

केंद्र प्रभारी जन्मजय चौधरी के द्वारा संस्था को 2917.65 क्विंटल धान की कमी से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की राशि 63,69,229.95 रुपए एवं कृषक उन्नति योजना की राशि 26,75,485.05 रुपए इस प्रकार कुल राशि 90,44,715.00 रुपए की आर्थिक क्षति पहुंचाई जाने की पुष्टि होने के बाद निलंबन की कार्रवाई की गई है।

# मृतक की पत्नी ने की मांग- पुलिस कर्मियों पर दर्ज हो गैर इरादतन हत्या का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जुआ खेल रहा युवक पुलिस के डर से तालाब में कूदा, दूसरे दिन मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जुआ खेल रहा युवक पुलिस की छापामार कार्रवाई में बचने के लिए तालाब में कूद गया। कतिपय तैरना नहीं आने के कारण वह तालाब में डूब गया और उसकी मौत हो गई। रातभर युवक के परिजन इंतजार करते रहे, पर देर सुबह तक घर वापिस न आने पर उसकी तलाश तालाब में की गई जो लगभग दोपहर 2 बजे बरामद हुई। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने शव को चिरघर भेज दिया और अग्रिम कार्रवाई में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खरोरा के नया तालाब के पास लंबे समय से चल रहे जुए पर छापामार कार्रवाई करने कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। हर रात की तरह बुधवार को भी देर रात यहां जुआ खेला जा रहा था। छापामार कार्रवाई के दौरान 7 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा लेकिन, पकड़े जाने के डर से खरोरा निवासी युवक डीशील यादव (32) पास के नया तालाब में कूद गया। पुलिस ने काफी देर तक उसकी तलाश की पर उसका कुछ पता नहीं चला। इधर रात भर डीशील का उसके परिजन घर पर इंतजार करते रहे पर वह नहीं लौटा। जब सुबह डीशील के द्वारा तालाब में कूदने की जानकारी परिजनों को हुई तो तालाब में ग्रामीणों ने उसकी खोजबीन शुरू की और पुलिस में खबर दी गई। पुलिस द्वारा गोताखोर बुलाकर तालाब की तलाशी ली। दोपहर करीब एक बजे गोताखोरों द्वारा डीशील की लाश तालाब से बरामद की और पंचनामा कर पीएम के लिए भेजा। कोतवाली प्रभारी शरद दुबे ने बताया कि बुधवार को सात जुआरी जुआ खेकते पकड़े गये, जिनके पास से जुआ खेलने की सामग्री सहित 24 हजार 400 नकद राशि , आठ दुपहिया वाहन और 9 मोबाइल जब्त हुए हैं।

फालोअप

जुआ खेल रहे लोगों की धरपकड़ के लिए की गई छापामार कार्रवाई के दौरान पुलिस के भय से तालाब में कूदने से जिस युवक की जान चली गई उसके परिजनों ने दहशत फैलाने वाले पुलिस दल और पानी में कूदने के बाद भी उसे बचाने का प्रयास नही करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किए जाने की मांग की गई है। इस संबंध में प्रार्थिया मिनाक्षी पति दानेश्वर यादव उर्फ डीसील उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम खरोरा ने पुलिस को बताया कि मध्य रात्रि में उसका पति तालाब के पास मनोरंजन के लिए जुआ खेल रहा था, मध्य रात्रि लगभग 12 बजे के बाद महासमुंद जिला अंतर्गत विभिन्न थानों के पुलिस अधिकारी व कर्मचारी सिविल ड्रेस में जुआ स्थल में पहुंच कर दहशत फैलाए जिससे दानेश्वर यादव भयभीत होकर ग्राम खरोरा के नए तालाब में कूद गया। बचाने की गुहार लगाने के बाद भी मौके पर उपस्थित पुलिस कर्मचारी टार्च की रोशनी में उसे भयभीत करते रहे और डूबते हुए देखते रहे। जुआ खेल रहे व उपस्थित लोगों में गौरव चंद्राकर, आकाश लहरे आदि ने कर्मचारीयों से बचाने का आग्रह किया परंतु पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों ने नाटक कर रहा है कहते हुए गाली गलौज की और बचाने का प्रयास नहीं किया गया जिससे दानेश्वर उर्फ डिसील की तालाब में डूबने से मौत हो गई।

प्रार्थिया ने आवेदन में लिखा है कि पुलिस कार्यवाही में यह जानते हुए भी कि उक्त जुआ तालाब के पास हो रहा है। और अप्रिय स्थिति उत्पन्न हो सकती है? फिर भी अपने साथ गोताखोर सहित अन्य आवश्यक सुरक्षा के उपाय व व्यवस्था नहीं किए गए। जानबूझकर दहशत फैलाया गया और डूबने से बचाने का प्रयास नहीं किया गया इसलिए प्रार्थिया के पति के मृत्यु के जिम्मेदार कार्यवाही में गए पुलिस अधिकारी व कर्मचारी हैं। उनके लापरवाही के कारण ही मृत्यु हुई। संबंधितों के विरूद्ध गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किए जाने की मांग महिला ने की है।

# नगरीय निकाय चुनाव को लेकर हुई भाजपा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा सदस्यता अभियान के सक्रिय सदस्य और आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण बैठक सांसद रुपकुमारी चौधरी, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, संभाग एवं जिला संगठन प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, सक्रिय सदस्यता अभियान के जिला संयोजक, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, सदस्यता अभियान जिला संयोजक संदीप दीवान, विधानसभा संयोजक चंद्रहास चंद्राकर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राकेश चंद्राकर की उपस्थिति और मार्गदर्शन में हुई।

बैठक के पूर्व मंचस्थ अतिथियों द्वारा भारतमाता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक की प्रस्तावना रखते हुए सक्रिय सदस्यता के जिला संयोजक डॉ चोपड़ा ने कहा कि भाजपा के संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के तहत प्राथमिक सदस्य बनाने के साथ जिले के सभी मंडलों में न्यूनतम 200 सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य हमारे सामने है। भाजपा के प्राथमिक सदस्यता अभियान में विगत 6 सितंबर से भाजपा कार्यकर्ता समर्पण, निष्ठा और ऊर्जा के साथ जुटे हुए हैं। प्रत्येक मंडलों में 50 सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य की श्रेणी में पात्र होंगे। सदस्यता के दौरान मंडलवार सक्रिय सदस्यों की सूची एकत्रित की जा रही है। सदस्यता के साथ नगरीय निकाय चुनाव के संदर्भ में आयोजित इस बैठक में उपस्थित महासमुंद नगर पालिका, नगर पंचायत तुमगांव, नगर पालिका बागबाहरा के जनप्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए सांसद रुपकुमारी चौधरी ने कहा कि संगठन के महत्वपूर्ण राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान में सभी कार्यकर्ताओं ने अपना सराहनीय योगदान दिया है। आगामी नगरीय निकाय चुनाव की कठिन परीक्षा हम सभी के सामने है, जिस तरह हमने संगठन के सभी कार्यो को पूरा करने में में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया है उसी प्रकार शहर की सरकार में भाजपा की विजय में सभी की भागीदारी हो। निकाय चुनाव की प्रारंभिक तैयारी शुरू हो चुकी है और हम जिले के सभी निकायों पंचायतों में विजय के संकल्प के साथ तैयार रहे।




विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि निकाय चुनाव को लेकर मतदाता सूची का प्रकाशन हो चुका है और इस महत्वपूर्ण चुनाव में एक एक मत हमारे लिए अहम है। लोकसभा, विधानसभा चुनाव में विजयरथ के सारथी रहे सभी कार्यकर्ता इस अंतिम संघर्ष में भाजपा प्रत्याशियों की विजय सुनिश्चित करने तक पूर्व की तरह ऊर्जा और उत्साह के साथ संकल्पित रहे। जिला संगठन प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही ने इस बैठक में महासमुंद, बागबाहरा और तुमगांव के नगरीय और नगर पंचायत प्रतिनिधियों से मतदाता सूची प्रकाशन में सतत निगरानी रखने का दिशानिर्देश देते हुए कहा कि प्रकाशन वाले सभी शिविर स्थानों पर तत्काल प्रभारी बनाकर नाम जोड़ने, काटने और परिवर्तन के कार्य में सक्रियता से समय दें। पाणिग्रही ने कार्यकर्ताओं से कहा कि छोटा चुनाव काफी अहम होता है। हारजीत का अंतर काफी कम भी हो सकता है, इसलिये कोई भी घर संपर्क और जानकारी से न छूटे। जहां कही कोई आपत्ति का विषय हो तो 23 अक्टूबर आखिरी तिथि है। सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता अपना पूरा समय त्रुटिरहित मतदाता सूची बनाने तक अवश्य देंगे। जिला संगठन प्रभारी ने सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं से चुनाव और मतदाता सूची सम्बंधित आवश्यक सुझाव लेते हुए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर एवं आभार शहर मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली ने किया।

### बैठक में यह रहे उपस्थित

बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता मोती साहू, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अल्का चंद्राकर, नरेश चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जसराज बाला चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, पार्षद महेंद्र जैन, देवीचंद राठी, मीना वर्मा, मनीष शर्मा, संदीप घोष, राहुल चंद्राकर, हेमलता यादव, माधवी सिका, मुन्ना देवार, राजू चंद्राकर, धर्मेंद्र यादव, नारेंद्र गिरी, दिनेश रूपरेला, राहुल चंद्राकर, गोपाल वर्मा, अमन वर्मा, महेंद्र सिका, मोहन साहू, विष्णु चंद्राकर, राकेश श्रीवास्तव, हनीश बग्गा, सोनाधर सोनवानी, सीता डोंडेकर, प्रीति सोनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

# खाद्य तेलों के बाद अब घी की कीमत में लगी आग, मुनाफाखोरी का जमकर चल रहा खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

त्योहारी सीजन में जमकर मुनाफाखोरी का खेल चल रहा है। आयात शुल्क की आड़ में जहां खाद्य तेलों के दाम 40 से 45 रुपए बढ़ाकर जमकर मुनाफाखोरी की की जा रही है, वहीं अब नवरात्रि के समय से ही देशी घी के दाम भी 50 रुपए तक बढ़ा दिए गए हैं। इस समय घी की कीमत अलग-अलग ब्रांड 520 से 800 रुपए तक है।

अलग खबर

### पांच सौ से कम कोई घी नहीं

नवरात्रि से पहले कुछ ब्रांड के घी की कीमत पांच सौ से कम थी, लेकिन नवरात्रि के समय ज्यादातर ब्रांड ने अपने-अपने ब्रांड की कीमत में 30 से 50 रुपए का इजाफा किया है। जानकारों का कहना है कि घी की कीमत राष्ट्रीय स्तर पर नहीं बढ़ी है, लेकिन अपने प्रदेश में कारोबारियों ने मुनाफाखोरी के कारण चुपके के कीमत में इजाफा कर दिया है। जो घी पहले 455 रुपए मिल रहा था, इसकी कीमत अब पांच सौ रुपए पार हो गई है। इसी तरह से 630 वाले ब्रांड को 670, सात सौ वाले को साढ़े सात सौ और साढ़े सात सौ वाले को आठ सौ रुपए कर दिया गया है। चिल्हर कारोबारी एक ब्रांड की अलग-अलग ग्राहक देखकर कीमत वसूल रहे हैं। एक दुकान में जो घी 510 में मिल रहा है, वहीं दूसरी दुकान में 520 से 530 रुपए में बेचा जा रहा है।

### अलग-अलग ब्रांड में 50 रुपए तक बढ़ा दिए दाम



### खाद्य तेल 45 रुपए तक महंगा

खाद्य तेलों में आयात शुल्क बढ़ने के बाद प्रदेश भर में मुनाफाखोरी का जमकर खेल हो रहा है। जहां राजधानी के डूमरतराई थोक बाजार के कारोबारियों ने सोया और राइसब्रान जैसे तेलों में 30 रुपए प्रति लीटर तक का इजाफा कर दिया है। वहीं रायपुर शहर के छोटे थोक कारोबारियों ने भी कीमत 35 रुपए और चिल्हर दुकानदारों ने कीमत में 45 रुपए का इजाफा कर दिया है। जो सोया तेल पहले थोक में 90 रुपए और चिल्हर में 100 रुपए था, वह अब 145 रुपए में बेचा जा रहा है। इसी तरह से राइसब्रान का हरेली तेल भी थोक में 90 और चिल्हर में 100 रुपए बिक रहा था, उसको 140 रुपए में बेचा जा रहा है। डूमरतराई बाजार में रोज खाद्य तेलों का ही कारोबार रोज का 80 लाख से एक करोड़ का होता है।

महंगाई बिलकुल भी थमने का नाम नहीं ले रही है। जिसको मौका मिल रहा है, वह मौके का फायदा उठाकर किसी भी सामान के दाम बढ़ा दे रहा है। कई बार सामानों की कीमत बढ़ने के पीछे कारण भी रहता है, लेकिन ज्यादातर मौकों पर मुनाफाखोरी के कारण ही दाम बढ़ाए जाते हैं। उत्पादकों को जब मौका मिलता है तो वो थोड़े से दाम बढ़ाते हैं, लेकिन थोक कारोबारी से लेकर चिल्हर कारोबारी इसका फायदा उठाकर कीमत और ज्यादा बढ़ा देते हैं।

## खबर संक्षेप

### बहू पर जानलेवा हमला सात साल कैद की सजा

**रायपुर।** गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र में तीन वर्ष पूर्व भाई बहू पर जानलेवा हमला करने के आरोप में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विभा पाण्डेय की कोर्ट ने आरोपी को सात साल कैद तथा एक हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक रश्मि रानी के मुताबिक, कोर्ट ने वामन चक्रधारी को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। वामन ने 10 अक्टूबर 2021 को पारिवारिक विवाद के चलते अपनी भाई बहू वंदनी के सिर पर बसुला से जानलेवा हमला किया था।

### पेड़ के नीचे सो रहे बुजुर्ग की अज्ञात वाहन से कुचलकर मौत

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में पेड़ के नीचे सो रहे एक बुजुर्ग की अज्ञात वाहन से कुचलने पर मौत हो गई है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, अज्ञात वाहन से कुचलने पर ईदगाहभाठा निवासी शेख रफी की मौत हुई है। घटना दिनांक को शेख रफी बंजारी बाबा मस्जिद के पास रोड किनारे पेड़ के नीचे सोया था। इसी दौरान अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए शेख रफी को कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल शेख रफी को उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### टेलीग्राम एप में जोड़कर चार लाख की ठगी

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने में एक युवक ने अज्ञात के खिलाफ पार्ट टाइम जॉब देने का झांसा देकर तीन लाख 96 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, महावीर नगर निवासी ललित कुमार पटेल ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। ललित ने पुलिस को बताया कि पिछले महीने 29 सितंबर को टेलीग्राम में उसके पास एक मैसेज आया। मैसेज में एक कंपनी के लिंक प्रमोट करने पर घर बैठे पैसा कमाने का लालच दिया गया। शुरू के दो टास्क पूरा करने पर 10 हजार रुपए जमा कराने के बाद कमीशन सहित पैसे वापस कर दिए। झांसे में लेने के बाद जालसाजों ने ललित के साथ ठगी की।

### युवती से रेप का आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज पुलिस ने युवती से रेप तथा अश्लील वीडियो, फोटो बनाकर ब्लैकमेल करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, युवती से रेप के आरोप में माना निवासी रौनक डे को गिरफ्तार किया है। युवती ने रौनक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई कि काम के दौरान रौनक के साथ उसकी जान-पहचान हुई थी। रौनक ने उसे सैर कराने के बहाने स्टेशन रोड स्थित एक होटल में ले जाकर रेप किया। युवती ने रौनक पर रेप करने के बाद चोरी छिपे अश्लील वीडियो, फोटो बनाकर लगातार रेप करने का आरोप लगाया है।

### निधन

**रामानंद यादव**



**महासमुंद।** ग्राम बेलसोन्डा निवासी रामानंद यादव (52) का 18 अक्टूबर शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बेलसोन्डा में किया गया। वे हिलेश यादव के पिता व राधेश्याम यादव के भाई थे। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में करीबी रिश्तेदार सहित अधिक संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## खट्टीडीह में सुआ नृत्य कार्यक्रम में शरीक हुए पूर्व विधायक चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



ग्राम पंचायत गोपालपुर के आश्रित ग्राम खट्टीडीह में बीते गुरुवार को शरद पूर्णिमा पर सुआ नृत्य कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा रहे। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य अमर अरुण चंद्राकर, गोपालपुर सरपंच मोतिम ध्रुव, उपसरपंच चंद्रशेखर साहू, भाजपा नेता कमलेश निषाद, सरपंच प्रतिनिधी सहदेव ध्रुव सहित वरिष्ठ ग्रामीण मंचासीन रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. चोपड़ा ने कहा कि सुआ नृत्य कार्यक्रम आयोजित करना बहुत ही अच्छा कार्य है। ऐसे कार्यक्रम से ग्रामीण युवकों में उत्साह और कार्यक्षमता बढ़ती है। सुआ नृत्य छत्तीसगढ़ की एक महत्वपूर्ण संस्कृति है, जिसे हम सभी को संजोकर रखना है। हमें अपने छत्तीसगढ़ के सभी संस्कृति को पूरे विश्व भर में दर्शाना है, जिससे पूरे विश्व के लोग छत्तीसगढ़ को जाने और हमें एक नई पहचान मिले। डॉ. चोपड़ा ने आगे कहा कि ग्राम खट्टीडीह में आने जाने के लिए पक्की सड़क नहीं थी। जिसे अपने विधायकी कार्यकाल में राष्ट्रीय राजमार्ग 53 से ग्राम खट्टीडीह तक पक्की सड़क सौगात दी। जिसके फलस्वरूप ग्रामीणों को आने जाने में जो समस्या होती थी वह समस्याएं खत्म हुई। जिसका आज तक खट्टीडीह के ग्रामीण पक्की सड़क का लाभ ले रहे हैं। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि गांव के युवकों का कार्य कार्यक्रम के प्रति बहुत ही उत्साह भरा है। युवाओं को शिक्षा, खेल, राजनीति और सभी क्षेत्रों में आगे आकर देश, राज्य, जिले और अपने गांव, समाज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में आए अतिथि अमर चंद्राकर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुआ नृत्य की विशिष्ठता बताई और सभी ग्रामीण युवाओं को आगे बढ़ने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान रामाधीन ध्रुव (सचिव), महेश निषाद, जितेंद्र निषाद, पवन निषाद, शीतल यादव, कुंती निषाद, कल्याणी यादव, डायमन साहू, सावित्री ध्रुव, कुमारी भारती, रेखा निषाद, सरस्वती साहू, मनोज कंवर और समस्त ग्रामवासी खट्टीडीह उपस्थित रहे।

## विज्ञान मेला में सीसीटीवी वीडियो प्रोसेसिंग तकनीक रहा द्वितीय

**महासमुंद।** राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं विज्ञान नाटिका 2024 का आयोजन सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय अंबिकापुर में किया गया। विज्ञान संगोष्ठी में राज्यभर से 14 शिक्षकों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम कांकेर ज़ोन के अजय पांडेय, रायपुर ज़ोन से चंद्रशेखर मिथलेश तथा तृतीय सरगुजा जोन के आंचल सिन्हा एवं अक्षय रंजन वर्मा रहे। आशीबाई गोलछा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद के व्याख्याता चंद्रशेखर मिथलेश का विज्ञान संगोष्ठी शीर्षक- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित सीसीटीवी वीडियो प्रोसेसिंग तकनीक है। इसमें सीसीटीवी कैमरा का उपयोग हर जगह किया जाता है, इसमें इस वीडियो की स्टोरेज एवं इवेंट डिटेक्शन में काफी समय लगता है। नवीनतम वीडियो तकनीक के माध्यम से की समस्या को दूर किया गया है। यह तकनीक वीडियो सीक्वेंस को लगातार चेक करता है कि कोई इवेंट डिटेक्ट तो नहीं हुआ है। किसी पर्सन या इवेंट के डिटेक्ट होते ही ऑटोमेटिक क्लिक कर के फोटो को फोल्डर में सेव करते जाता है। अंत में एक शार्ट समरी वीडियो जेनेरेट करता है, जो 24 घंटे के वीडियो को 5 मिनट में प्ले करता है। दरअसल, सीसीटीवी कैमरे का इस्तेमाल हर जगह सुरक्षा के लिए किया जाता है। कैमरा 24×7 निगरानी करता रहता है। जिसके लिए काफी समय और स्टोरेज की जरूरत होती है। इस समस्या का समाधान लेटेस्ट वीडियो तकनीक के जरिए किया गया है। सीसीटीवी सेक्युरिटी को बेहतर बनाने, कंप्यूटर में स्टोरेज के समस्या को दूर करने, सर्विलेंस सिस्टम, रिमोट सेंसिंग एरिया और सैटेलाइट वीडियो प्रोसेसिंग में इस तकनीक के उपयोग से वीडियो प्रोसेसिंग को बेहतर बनाया जा सकता है। उपलब्धि पर जोन प्रभारी मंजूषा तिवारी शिक्षा महाविद्यालय रायपुर, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, सहायक संचालक सतीश कुमार नायर, नंदकिशोर सिन्हा, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा,बीईओ महासमुंद लीलाधर सिन्हा, विज्ञान नोडल हेमेंद्र आचार्य, प्राचार्य आशी बाई गोलछा जीआर सिन्हा, प्राचार्य मोहंदी उत्तम कुमार साहू ,प्राचार्य मुनगासेर गीता सोना, जिला विज्ञान संयोजक जगदीश सिन्हा, तोषण गिरी गोस्वामी, मनोज साहू, ज्योति किरण चंद्राकर, पूजा साहू, संजय मांझी, दुर्गेश साहू, ज्योति भास्कर एवं शाला परिवार ने हर्ष जताया।



## महिला आयोग में 5 सदस्यों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में रिक्त 5 सदस्यों की नियुक्ति कर दी है। इन सभी सदस्यों ने पदभार भी संभाल लिया है। सदस्यों की नियुक्ति होने के बाद आयोग में प्रकरणों का निराकरण भी अब और तेजी से होगा। ये सभी पद 27 जून से रिक्त थे। आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने रिक्त पदों पर जल्द से जल्द नियुक्ति के लिए शासन को पत्र लिखा था, जिसके बाद इन पदों पर नियुक्ति की गई है।

### इन सदस्यों की हुई नियुक्ति

आयोग में सदस्यों के रूप में लक्ष्मी वर्मा बलौदाबाजार, प्रियंवदा सिंह




जूदेव जशपुर, सरला कोसरिया (महासमुंद), ओजस्वी मंडावी (दंतेवाड़ा) एवं दीपिका सोरी (सुकमा) को नियुक्त किया गया है। इनमें लक्ष्मी वर्मा ने 7 अक्टूबर को ही पदभार ग्रहण कर लिया था, वहीं शेष सदस्यों ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया है। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए महिलाओं के हितों में मिलकर कार्य करने के लिए कहा। सरगुजा, बस्तर एवं रायपुर संभाग से सदस्यों की नियुक्ति करने पर आयोग अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है।

## जहां बचपना बीता, वहां अतिथि बनकर आना मेरा सौभाग्यः चातुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

जिस गांव के गलियों में मेरा बचपना बीता, जहां मेहनत मजदूरी करक पढ़ाई की और जहां के लोगों का आत्मीय स्नेह मुझे सदैव मिला उस गांव में अतिथि बनकर आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उपरोक्त बातें सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने अपने मायके ग्राम जोगनीपाली में शरद पूर्णिमा के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कही। आयोजन समिति की महिलाओं और ग्रामवासियों ने बाजे गाजे के साथ विधायक नंद का धूमधाम से स्वागत किया। तत्पश्चात ग्राम देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर विधायक नंद ने कार्यक्रम की शुरुआत की। विधायक नंद ने



ग्रामीणों की मांग पर सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 3 लाख रुपए विधायक निधि से देने की घोषणा की। डोंड और छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित ग्रामीणों का मनमोह लिया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि भरत मेश्राम, युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष पंकज बीसी, मोहसिन मेमन, परशु चौहान, दीपक साहू, कैलाश तांडी, जेपी साहू, गंगा बाई, मनोहर, मिलाप चौहान, प्रियांशु चौहान, जयंत यादव समेत ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## दीपावली आने के पूर्व सक्रिय हुए बदमाश, दिनदहाड़े 20 लाख लूटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली आने के पूर्व बदमाश सक्रिय हो गए हैं। इसी कड़ी में बदमाशों ने रियल एस्टेट कंपनी इस्कॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सुपरवाइजर मनोज कुमार ध्रुव के साथ लूट की है। बदमाशों ने जिस जगह पर लूट की है, वह सूनसान इलाका है। घटनास्थल के पास सीसीटीवी कैमरा नहीं लगे होने की वजह से बदमाशों के बारे में पुलिस को कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई है। बदमाशों के बारे में जानकारी जुटाने मुजगहन थाने की पुलिस के साथ ही क्राइम ब्रांच की टीम घटना स्थल से सटे मेन रोड पर लगे सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल कर रही है। गौरतलब है कि त्योहारी सीजन को देखते हुए रेंज आईजी अमरेश मिश्रा तथा एसएसपी डॉ. संतोष सिंह ने शहरी के साथ ग्रामीण थाना क्षेत्र की पुलिस को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। त्योहारी सीजन में लूट, उठाईगिरी की वारदात को अंजाम देने लोकल के साथ अंतर्राज्यीय बदमाश सक्रिय हो जाते हैं। रियल एस्टेट सुपरवाइजर के साथ बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में लूट की है।

- रियल एस्टेट कंपनी के सुपरवाइजर से लूट के मामले में पुलिस को नहीं मिला सुराग

### रेकी करने के बाद लूट

पुलिस को आशंका है कि बदमाशों ने रैकी करने के बाद लूट की वारदात की है। पुलिस ने आशंका जताई है कि लूट करने के पूर्व बदमाशों ने सुपरवाइजर की दो से तीन दिन रैकी की होगी। उसके बाद लूट की है। बदमाशों के रैकी कर लूट की बात सामने आने पर सुपरवाइजर के दो से तीन दिन मार्ग में आने-जाने का सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल कर रही है, जिससे पता चल सके कि सुपरवाइजर की रैकी करने वाले कौन लोग हैं।

### बदमाश लोकल या बाहरी अब तक स्पष्ट नहीं

घटना में शामिल बदमाश लोकल हैं या रियल एस्टेट से जुड़े कर्मचारी, यह अब तक क्लीयर नहीं है। बदमाशों के बाहरी होने की भी पुलिस को आशंका है। पुलिस इस मामले में हर एंगल से पड़ताल करने की बात कह रही है। सुपरवाइजर द्वारा इतनी मोटी रकम बाइक से ले जाने की जानकारी बदमाशों तक कैसे पहुंची, पुलिस इस संबंध में भी जानकारी जुटाने की बात कह रही है।

### घटना को अंजाम देने सेफ जगह का चयन

पुलिस के अनुसार घटना कमल विहार सेक्टर-15 तिराहा मोड़ से कुछ दूर आगे हुई है। मनोज अपनी बाइक से ऑफिस के लिए जैसे ही मुड़ा, उस रोड पर लोगों की आवाजाही कम रहती है। इसका फायदा उठाते हुए बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार सड़कों के बारे में बदमाशों को पहले से जानकारी थी। इस वजह से बदमाशों ने लूट करने सेफ जगह का चयन किया।

## शहर में 50 ट्रैफिक सिग्नल, 8 बंद, डिस्प्ले में भी दिक्कत

**रायपुर।** राजधानी में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने शहर के विभिन्न चौराहों पर 50 ट्रैफिक सिग्नल लगाये गये हैं, इनमें से 8 सिग्नल बंद हैं। लाखे नगर चौक, महिला थाना चौक, जोन 2 क्षेत्र स्थित शहीद स्मारक स्कूल के पास वाला चौक, बूढ़ातालाब से सदर बाजार मोड़ वाला ट्रैफिक सिग्नल इसमें शामिल है। इनमें से कुछ ट्रैफिक सिग्नल इसलिए बंद पड़े हैं, क्योंकि पाइप लाइन खुदाई के दौरान तार को नुकसान पहुंचा है। संबंधित एजेंसी के ठेकेदार ने इसे अब तक नहीं सुधारा है। गुरुवार को यातायात दबाव वाले 18 चौराहों के निरीक्षण के दौरान ये बातें सामने आईं। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर रायपुर स्मार्ट सिटी, यातायात पुलिस एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ एल एंड टी की टीम ने 18 चौराहों का निरीक्षण किया। शहर में 50 स्थानों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाये गए हैं, इसमें 8 स्थानों पर लगाये गए ट्रैफिक सिग्नल महीनों से बंद हैं। इससे लोगों को सुगम आवागमन में दिक्कत हो रही है। टीम ने स्थापित सिग्नल की टाइमिंग का भी निरीक्षण किया, जिसमें यह पाया कि आंबेडकर अस्पताल चौक के पास लगाये गए ट्रैफिक सिग्नल के डिस्पले की टाइम में भिन्नता है।

## डीएमएफ घोटाला मामले में रानू ईडी की हिरासत में

*बचाव पक्ष के वकील ने ईडी पर लगाया प्रताड़ना का आरोप*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

### कोर्ट ने सुबह 10 से शाम 5 बजे तक पूछताछ करने अनुमति प्रदान की

डीएमएफ घोटाला मामले में कोरबा में आदिवासी विकास विभाग की पूर्व डिप्टी कमिश्नर माया वारियर की गिरफ्तारी के बाद जेल में बंद निलंबित आईएएस रानू साहू को ईडी ने प्रोटेक्शन वारंट में रिमांड पर लिया है। निलंबित आईएएस 22 अक्टूबर तक ईडी की रिमांड में रहेगी।

गौरतलब है कि रानू के कोरबा तथा रायगढ़ में कलेक्टर पदस्थ रहने के दौरान बड़े पैमाने पर कमीशन लेने तथा मनी लांड्रिंग करने का आरोप है। माया वारियर रानू साहू की करीबी रही है। इस वजह से ईडी ने पूर्व में उनके ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की थी।



### वकील बोले साजिश के तहत कर रहे प्रताड़ित

बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केस की पैरवी की। बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट को बताया है कि ईडी ने डीएमएफ मामले में वर्ष 2023 में ईसीआईआर की है, लेकिन मामले की अब तक किसी प्रकार की जांच नहीं की गई।

*अभनपुर के ग्राम सेमरा में खनिज विभाग की टीम ने की कार्रवाई, चेन माउंटेन*

## प्रतिबंध हटते ही सक्रिय हुए रेत का अवैध उत्खनन करने वाले, मशीन लगाकर निकाली जा रही थी रेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेत खदानों में एनजीटी का लगा प्रतिबंध हटते ही जहां राज्य पर्यावरण विभाग से अनुमति प्राप्त खदानों में रेत का वैध रूप से उत्खनन का काम शुरू हो गया है, वहीं दूसरी ओर जिन खदानों को अनुमति नहीं मिली है, वहां भी माफिया अपने लोगों से अवैध रूप से रेत का उत्खनन करा रहे हैं। कहीं-कहीं तो मशीन और पाइप लाइन के माध्यम से पानी के अंदर से रेत निकाली जा रही है। ऐसा ही एक ताजा मामला अभनपुर ब्लॉक में सामने आया है। ग्राम सेमरा खदान में रेत का अवैध



रूप से उत्खनन किया जा रहा था। इसकी शिकायत मिलते ही खनिज विभाग की टीम ने यहां दबिश देकर एक चेन माउंटेन मशीन के साथ पानी के अंदर लगी मशीन भी जब्त की है। इधर विभागीय टीम के नदी तक पहुंचने से पहले ही उत्खनन कर रहे लोग फरार हो चुके थे, जिसके कारण इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। एनजीटी द्वारा 15 जून से 15 अक्टूबर तक रेत खदानों पर उत्खनन पर रोक लगाई गई थी। प्रतिबंध की मियाद खत्म होने के बाद 16 अक्टूबर से जिले के कई खदानों में रेत के उत्खनन का काम शुरू हो गया है। जिले में 13 रेत खदानों को ठेके पर दिया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इनमें से 9 खदानों को ही राज्य पर्यावरण विभाग से उत्खनन की अनुमति मिल पाई है, वहीं 4 खदानों को अनुमति अभी तक नहीं मिली है।

## खबर संक्षेप



### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आज

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 19 अक्टूबर शनिवार को आयोजित होगा। यह परीक्षा कक्षा 5वीं से लेकर महाविद्यालय स्तर तक सभी 9 स्तरों में आयोजित होगी। परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र एवं ओएमआर शीट का वितरण सभी सभी संबंधित संस्थाओं को वितरित किया जा चुका है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा से जुड़े सभी परिजनों एवं संस्था प्रमुखों से निवेदन है कि अपने अपने क्षेत्र/ स्कूल में, परीक्षा के लिए दिए गए 4 अंकों के स्कूल कोड का उत्तर पुस्तिका में उल्लेख करते हुए परीक्षा संपन्न करेंगे। परीक्षा समाप्ति पश्चात ओएमआर शीट को लिफाफा में कक्षा वार पैक कर संबंधित परिजन या गायत्री शक्तिपीठ में जमा करेंगे। इस वर्ष महासमुंद जिले में 325 स्कूल एवं 06 महाविद्यालय से 11000 परीक्षार्थी इस परीक्षा में भाग ले रहे हैं। परीक्षा में प्रत्येक स्तर में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा एवं सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आकर्षक प्रमाण पत्र दिया जाता है। यह जानकारी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रभारी आशीष साहू व भारत साहू ने दी है।

# स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी महाविद्यालय में हुई जनभागीदारी समिति की प्रथम बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में प्राचार्य एवं सचिव जनभागीदारी समिति डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं सतपाल सिंह पाली अध्यक्ष जन भागीदारी समिति की अध्यक्षता में महाविद्यालय जन-भागीदारी समिति की बैठक आयोजित की गई।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा अग्रेषित एवं प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल द्वारा गठित एवं कलेक्टर द्वारा अनुशंसित 17 सदस्यीय जन भागीदारी समिति में महासमुंद क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्र से जुड़े नागरिक, समाजसेवी, शिक्षाविद एवं सभी जाति समुदायों के प्रतिनिधि शामिल हैं। कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों के पुष्प-गुच्छ से स्वागत के साथ हुई। स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए जानकारी दी कि यह महाविद्यालय विगत वर्ष से शासकीय महत्वपूर्ण वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के पुराने वाणिज्य भवन में संचालित है। प्रथम वर्ष में इस महाविद्यालय का परीक्षा फल बहुत बढ़िया रहा। कुछ विषयों में परीक्षा फल सौ प्रतिशत था। महाविद्यालय में वर्तमान में स्नातक प्रथम सेमेस्टर एवं द्वितीय वर्ष में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में कुल मिलाकर 238 विद्यार्थी प्रवेशित हैं। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय अपनी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कर वांछित उद्देश्यों को स्थापित करने में कार्यशील है। साथ ही उन्होंने महाविद्यालय के खिलाड़ियों के लिए




खेल सामग्री की पूर्ति जन भागीदारी सदस्यों से करवाने के लिए आग्रह किया। तत्पश्चात शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय के प्रमुख तथा पूर्व नोडल अधिकारी अजय कुमार राजा ने महाविद्यालय को शुरुआत में स्थापित करने के लिए किए गए विभिन्न प्रयासों को साझा करते हुए वर्तमान सत्र के लिए महाविद्यालय पुस्तकालय के लिए किताबों की आवश्यकता की ओर सभी का ध्यान आकृष्ट किया। बतौर जन भागीदारी समिति संयोजक रवि देवांगन ने महाविद्यालय के लिए बायोमेट्रिक मशीन, कंप्यूटर प्रयोगशाला के लिए एयर कंडीशनर की आवश्यकता की बात समिति सदस्यों के मध्य रखी। कार्यक्रम एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सतपाल सिंह पाली ने संस्था के प्राचार्य को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और उन्होंने कहा कि राजनीति से परे रहकर यह समिति महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित करेगी और महाविद्यालय के मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्राथमिकता के साथ टीचिंग स्टाफ की व्यवस्था, खिलाड़ियों और छात्रों के लिए आवश्यक सामग्री एवं उपकरण व्यवस्था तथा महाविद्यालय के अपने भवन निर्माण की दिशा में उच्च अधिकारियों से चर्चा भी करेगी।

कार्यक्रम का संचालन निलेश कुमार तिवारी (अतिथि शिक्षण सहायक गणित) तथा आभार प्रदर्शन तरुण कुमार बांधे (सहायक प्राध्यापक वाणिज्य) ने किया। बैठक में डॉ मंजू शर्मा (शिक्षाविद), राकेश वास्तव(स्कूल प्रबंधन), सुजाता विश्वनाथन(महिला प्रतिनिधि), अमन वर्मा (युवा प्रतिनिधि), अनुज पांडे (कृषक), अजय चोपड़ा (व्यवसायी), यतींद्र राव (समाजसेवी), उत्तरा प्रहरे (अनुसूचित जाति प्रतिनिधि), राधेश्याम ध्रुव (अनुसूचित जनजाति प्रतिनिधि), नंदू जलक्षत्री (युवा प्रतिनिधि), खुशाल ठाकुर (छात्र प्रतिनिधि) और कुबेर यदु (छात्र प्रतिनिधि) जनभागीदारी समिति सदस्य के रूप में बैठक में उपस्थित रहे। महाविद्यालय स्टाफ से शेषनारायण साहू, जगतारण बघेल, कौशल साहू, नानक साहू एवं मुकेश कुमार सिन्हा उपस्थित रहे।

# पानी टंकी निर्माण व पाइप लाइन विस्तार में ठेकेदार की लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोमाखान

- जांच के लिए पंचायत प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

ग्राम पंचायत कोमाखान के आश्रित ग्राम लुकूपाली के सरपंच, उपसरपंच व पंचों ने पानी टंकी निर्माण व पाइप लाइन विस्तारीकरण में ठेकेदार की लापरवाही पूर्ण कार्य की शिकायत कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर की है। अपर कलेक्टर को सौंपे गये ज्ञापन में पंचायत पदाधिकारियों ने इसकी जांच करने एवं व्यवस्थित व गुणवत्तापूर्ण निर्माण की भी मांग की है।

ज्ञापन में सरपंच वीणा-आशीष वाकडे, शशिकला, पंच वाजिद खान, रामेश्वरी ठाकुर, खेमराज जैन, प्रभा धीवर, दुर्गा देवांगन, ममता यादव, शशांक श्रीवास व कैलाश जैन पंच ने बताया कि कोमाखान पंचायत में तालाब के पास पानी टंकी का निर्माण किया है, जो सीपेज हो रहा है। जबकि, आश्रित ग्राम लुकूपाली में भी पानी टंकी की दुर्दशा है। वहीं ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन का विस्तार करने सड़क को खोदा गया है। किसकी दुर्दशा हो गई है। जगह-जगह गड्ढे हैं। जिसे न तो पैक किया गया है और न ही सड़क का समतलीकरण किया गया है, जिससे पंचायतवासी परेशान है। कैलाश जैन ने आगे बताया कि उक्त समस्या को लेकर कोमाखानवासियों ने ग्राम पंचायत कोमाखान को मौखिक रूप से ठेकेदार की शिकायत कर समस्या का निराकरण करने मांग की गई है। अब जबकि समस्या का निदान न होने पर ग्राम पंचायत पदाधिकारियों ने पंचायत के लेटरपेड में एक ज्ञापन तैयार कर कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को सौंपा है। साथ ही इसकी सूक्ष्म जांच कर व्यवस्थित निर्माण की मांग भी की है। कलेक्टर को ज्ञापन देने कैलाश जैन के साथ अनिल द्विवेदी भी उपस्थित रहे।



### पीड़ित परिजनों को न्याय दिलाने सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** धमतरी जिले के ग्राम परखंधा गांव में साढ़े चार वर्ष की मासूम बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म मामले में पीड़ति बच्ची व परिवार को न्याय दिलाने ठेठवार यादव समाजजनों ने के लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार खांडे को ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान छग ठेठवार यादव समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजू यादव, समाज के नगर अध्यक्ष प्रकाश यादव, पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव, संतोष यादव, करण यादव, संदीप यादव आदि मौजूद रहे।

## अलसुबह घना कोहरा, दोपहर में तेज धूप...



**नर्रा।** कार्तिक माह की शुरूआत हो गई है। क्षेत्र में अलसुबह कोहरे छाने के साथ हल्का ठंड का अहसास होने लगा है। इधर, नौ बजते ही धूप अपना तेवर दिखाने लग जाते है। इसके चलते उमस बढ़ जाने से लोगों को चाहे घर हो या दुकान पंखे कूलर के सहारा लेना पड़ रहा है। वही रात में लोग मच्छर से परेशान है।

### गोंड़ समाज का दशहरा मिलन व नवाखाई पर्व आज

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ गोंड़ समाज विकास समिति द्वारा बूढ़ादेव भवन में दशहरा मिलन एवं नवाखाई पर्व का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें गोंड़ समाज द्वारा पारिवारिक मिलन के साथ-साथ जो परिवार नगर में निवासरत है तथा किन्ही कारणवश अपने परिवार के साथ नवाखाई में अपने गृह ग्राम में उपस्थित नही हो पाया है, उनके लिए सामूहिक रूप से नवाखाई का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम को विधि विधान से संपादित कराने के लिए रघुनंदन मरई ग्राम लहंगर एवं प्रेम सिंह गोंड़ ग्राम नवापारा को आमंत्रित किया गया हैं। सामूहिक पूजा का कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। पूजा पश्चात सामूहिक नवाखाई का कार्यक्रम होगा। बाद उपस्थित गोंड़ समाज के प्रबुद्धजनों का संक्षिप्त उद्बोधन के साथ-साथ पारिवारिक मिलन कार्यक्रम होगा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी नीलकमल ध्रुव ने दी है।

### मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष एवं राजप्रधानों का निर्वाचन आज

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष एवं राजप्रधानों का निर्वाचन 20 अक्टूबर को होगा। मतदान का समय सभी मतदान केंद्रों के लिए प्रातः 8 बजे से दोपहर 03 बजे तक निर्धारित किया गया है। केंद्रीय चुनाव प्रभारी ऋषि कुमार वर्मा ने बताया कि भारत में कुर्मी क्षत्रिय समाज के कुल 28 फिरका हैं। जिसमें सबसे बड़ा फिरका मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का है। जहाँ लोकतांत्रिक प्रणाली से ग्राम प्रमुख से लेकर राजप्रधान एवं केंद्रीय अध्यक्ष का निर्वाचन होता है। जिनका कार्यकाल 3 वर्ष का होता है। यह चुनाव समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी कड़ी में केंद्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए महासमुंद में डॉ खूबचंद बघेल सामुदायिक भवन दलदली रोड में मतदान केंद्र क्रमांक 01 बनाया गया है। उक्त मतदान केंद्र में ललित वर्मा, प्रदीप वर्मा एवं भुवन लाल वर्मा मतदान अधिकारी के रूप में अपनी सेवा देंगे। उक्त मतदान केंद्र में महासमुंद नगर, फिंगेश्वर, झलप, पटेवा, तुमगांव, खड़सा, कुकरडीह, कौंदकेरा के स्वजाती मतदान करेंगे। बागबाहरा अंतर्गत बस्ती बागबाहरा के पंचायत भवन में मतदान केंद्र क्रमांक 02 बनाया गया है। उक्त केंद्र में जीवनलाल वर्मा, नीरज वर्मा एवं शांतनु वर्मा मतदान अधिकारी के रूप में अपनी सेवा देंगे। जहां बागबाहरा नगर, बस्ती बागबाहरा, तेंदुलोथा, नवागांव, फुलवारी, खोपली, लोंदामुड़ा के स्वजाति मतदान करेंगे। इसी प्रकार पिथौरा में ग्राम गोलबहाल में मतदान केंद्र क्रमांक 03 संत राम वर्मा, टेक लाल वर्मा एवं ईश्वर प्रसाद वर्मा मतदान अधिकारी के रूप में सेवा देंगे। उक्त मतदान केंद्र में गोलबहाल, पिथौरा नगर, लक्ष्मीपुर, लाखगढ़ के स्वजाती मतदान करेंगे। मतदान केंद्रों की आवश्यक तैयारी हेतु ग्राम गोलबहाल केंद्र में जयराम वर्मा, बस्ती बागबाहरा केंद्र में रोशन लाल वर्मा और महासमुंद मतदान केंद्र में राम दयाल वर्मा को नियुक्त किया गया है। उक्त जानकारी नगर इकाई अध्यक्ष उत्तम वर्मा ने दी है।

# महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय में नेशनल इनोवेशन डे पर हुई पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कंप्यूटर विभाग द्वारा आईआईसी के तहत नेशनल इनोवेशन डे में पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता का आयोजन डा. अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य एवं संरक्षक आईईसी, डॉ. रीता पांडेय प्रेसिडेंट, डॉ. अजय कुमार देवांगन संयोजक आईईसी के संयोजन में किया गया। प्रतियोगिता में बीसीए, पीजीडीसीए,डीसीए एवं जीई बीएससी प्रथम वर्ष एवं बीए प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। यह कार्यक्रम भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जन्मदिन की उपलक्ष में



मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल द्वारा नेशनल इनोवेशन डे के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए इनोवेटिव आइडिया को पोस्टर के माध्यम से कैसे प्रदर्शित करना है, के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि विन्यास स्वयं अपने होने की वजह बताता है, हमको कोई नया कार्य करके दिखाना है। हमको कोई नई पहल सामने लाना है, यह आपके इनोवेशन के लिए उचित अवसर है। कार्यक्रम में कंप्यूटर विभागाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार देवांगन ने नेशनल इनोवेशन डे के उद्देश्य एवं कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। जिसमें उन्होंने न्यू टेक्नोलॉजी आईओटी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के प्राध्यापक टीकम साहू ने किया।

कार्यक्रम में इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. रीता पांडेय, कंप्यूटर विभागाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार देवांगन, कंप्यूटर प्रध्यापक टीकम साहू, पूजा यादव, परिचारक चमन साहू, छात्र-छात्राओ में अमन सिन्हा, विजयकीर्ति गायकवाड़, पल्लवी सिन्हा, डालेश घमफोरिया, यामिनी, शिवानी, हिमांशु, संतोष साहू, ईश्वर साहू, घनेंद्र, प्रीति साहू आदि उपस्थित रहे। डॉ . रीता पांडेय द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# संकल्प समिति ने की महामाया तालाब की साफ-सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय महाकाल मुक्तिधाम जन सेवा ही संकल्प समिति द्वारा शहर के महामाया तालाब में साफ-सफाई की गई। दुर्गा विसर्जन के बाद महामाया तालाब में अत्यधिक गंदगी एवं सामाग्री फैल गई थी। जिसे देखते हुए महाकाल मुक्तिधाम जन सेवा ही संकल्प समिति के सदस्यों ने अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई। इस दौरान झम्मन साहू, प्रखर साहू, मोहित भोई, राजलक्ष्मी बाई, तमन चौबे, निखिल भोई, प्रीतम साहू, अक्कू, इशु पाल, टेमन साहू, मनोज चंद्राकर, परमेश्वर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ में है अराजकता की स्थितिः आप

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ में महज पुलिस परिवार से जुर्म भयानक नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेशभर में कानून-व्यवस्था भयानक है। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव भूपेंद्र चंद्राकर ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि छत्तीसगढ़ के सरगुजा के सूरजपुर जिले में जो हुआ है, वैसा तो हिन्दुस्तान के किसी भी राज्य में नहीं हुआ होगा। एक पेशेवर मुजरिम और जिलाबदर गुंडे ने अपनी राजनीतिक पहुंच के साथ यह वीभत्स कारनामा कर दिया। पहले तो उसने जिलाबदर की कार्रवाई करने गई पुलिस को कड़ाही में खौलता तेल फेंककर जलाया। गाड़ी से कुचलने की कोशिश की और एक हेड कांस्टेबल के घर पहुंचकर उसकी बीवी और बेटी को तलवार से मार डाला। इस पर भी उसका मन नहीं भरा तो दोनों लाशों को ले जाकर बाहर खेतों में फेंक दिया। अब तक हिन्दुस्तान में कई जगहों पर यह तो सुनाई पड़ा था कि कार्रवाई करने वाली पुलिस या दूसरे अफसर को मार दिया, लेकिन यह कहीं सुनाई नहीं पड़ा था कि पुलिस के परिवार के साथ ऐसा भयानक और खूंखार जुर्म किया गया हो। इसी छत्तीसगढ़ के दूसरे सिरे पर बस्तर इलाके में नक्सली भी कई किस्म की हिंसा करते हैं। पुलिस- मुखबिरी बताकर लोगों को मार देते हैं, लेकिन किसी पुलिस परिवार के साथ नक्सलियों ने भी आज तक ऐसा नहीं किया है। अब ऐसा लगता है कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था खत्म हो चुकी है। विष्णु के सुशासन का ढिंढोरा पीटने वाले भाजपा के कद्दावर मंत्री का गृह जिला कवर्धा, बलौदाबाजार-भाटापारा जैसी घटनाएं देश में कभी किसी और जगह पर नहीं हुआ। जानलेवा जुर्म, बलात्कार और गैंगरेप जैसे मामले इस हद तक बढ़े हुए दिख रहे हैं कि जैसा पहले कभी नहीं हुआ। जादू-टोने की तोहमत लगाकर लोगों को थोक में मार डालने के मामले हो रहे हैं। पशु व्यापारियों को गाय तस्कर बताकर खुलेआम मार डाला जा रहा है। इस पर भी पुलिस ऐसे मामले को हल्का बनाने में जुटी हुई है। पुलिस को कांवड़ियों की आरती उतारने से फुर्सत नहीं है। प्रदेश में जिस तरह बड़े पैमाने पर चाकूबाजी की वारदातें हो रही हैं, तरह-तरह के गैंगवार हो रहे हैं, उससे भी आम जनता दहशत में है। हर किस्म के हिंसक जुर्म में अब नाबालिग भी शामिल हैं।




# रोबोटिक्स कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय पॉलिटेक्निक प्राचार्य इंजीनियर चंद्रिका विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में प्रोग्राम कॉर्डिनेटर डॉ वीनू चंद्राकर व्याख्याता रसायनशास्त्र एवं को कॉर्डिनेटर हेमंत महोबिया व्याख्याता मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रयास से रोबोटिक्स कार्यशाला का चतुर्थ दिवस सफलता पूर्वक हुआ। अटल एफडीपी के चतुर्थ दिवस पर चंद्रिका विश्वकर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर व्याख्यान दिया। उन्होंने इस नीति के मुख्य बिंदुओं और इसके शिक्षा क्षेत्र में होने वाले प्रभावों पर चर्चा की। चंद्रिका ने कहा कि तकनीकी क्षेत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारत में शिक्षा प्रणाली को नए युग के अनुसार बदलने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह नीति आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक्स की दिशा में कार्य करने



के लिए भारत में क्रांतिकारी कदम साबित होंगे। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, शिक्षा की पहुंच और समानता को बढ़ाने और शिक्षा प्रणाली को अधिक लचीला और अनुकूल बनाने पर केंद्रित है। तकनीकी शिक्षा विभाग में एनईपी 2020 कई तरीकों से सहायक है। पहला, मल्टीपल एंट्री और एग्जिट पॉइंट्स की सुविधा से छात्र अपने कोर्स को लचीले ढंग से पूरा कर सकते हैं। दूसरा, मल्टीडिसिप्लिनरी शिक्षा को प्रोत्साहन मिलने से, इंजीनियरिंग के छात्र अन्य विषयों में भी ज्ञान अर्जित कर सकते हैं। तीसरा कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दिया गया है, जिससे छात्र उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार हो सकें। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने मोनिका कुलश्रेष्ठ के मार्गदर्शन में एडवांस्ड रोबोटिक्स किट एसेंबली पर हैंड्स-ऑन प्रैक्टिस की, जिससे उन्हें रोबोटिक्स असेंबली की तकनीकी बारीकियों को समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. लक्ष्मीकांत कराल और डॉ. नंदिता गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में पॉलीटेक्निक महासमुंद से सालिक राम ढीमर, आनंद साहू व्याख्याता, नीलकमल साहू, वैभव वर्मा, उमेश वर्मा, शारदाचरण गुप्ता, स्वाति कुमारी, युधिष्ठिर प्रधान आदि मौजूद रहे। आभार प्रदर्शन कॉर्डिनेटर डॉ. वीनू चंद्राकर ने किया।



## खबर संक्षेप



### खट्टीडीह में हुई सुआ नृत्य प्रतियोगिता

**महासमुंद।** शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्राम खट्टीडीह में आयोजित सुआ नृत्य प्रतियोगिता कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस मौके पर तुषार साहू ने कहा कि शिक्षा समाज को ज्ञानवान, सशक्त, समृद्ध, और सुखी बनाती है। शिक्षा समाज में सामाजिक न्याय, समानता, एकता, और शांति को बढ़ावा देती है। शिक्षा समाज में गरीबी, अशिक्षा, अज्ञानता, अंधविश्वास, और अन्य सामाजिक बुराइयों को दूर करने में मदद करती है। शिक्षा के बिना हमारा जीवन अधूरा लगता है। कार्यक्रम में उपसरपंच चंद्रशेखर साहू, संतोष कोतवाल, सेवक राम, कमलेश निषाद, हर्ष साहू, प्रदीप साहू, अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 21 को

**महासमुंद।** सामान्य प्रशासन समिति की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल की अध्यक्षता में 21 अक्टूबर 2024 को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में रखी गई है। बैठक में शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग, वन विभाग, समाज कल्याण विभाग से संबंधित एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### बनपचरी में कबड्डी प्रतियोगिता आज

**पटेवा।** समीपस्थ ग्राम बनपचरी में 19 अक्टूबर को जय मौलीमाता कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में अतिथि मुख्य अतिथि योगेश चंद्रनाहू, निखिलकांत साहू, कमलनारायण चंद्राकर, रोशन पटेल, लोचन पटेल, दामिनी साहू, लक्ष्मण पटेल, तेजराम ध्रुव होंगे। अध्यक्षता अभय कुम्भकार एवं अर्जुन सोनी करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश्वर ध्रुव, उद्धव नेताम, देवा ध्रुव, प्यारे लाल ध्रुव, तुकेश्वर ध्रुव, हनी चंद्राकर, पोखन ध्रुव इत्यादि तैयारी में लगे हुए हैं। मंच का संचालन योगेश निर्मलकर व कोमेश, मनीष करेंगे।

## हरुना धान की कटाई शुरू, किसान व्यस्त...



**नर्रा।** दशहरा पर्व मनाए जाने के बाद अब क्षेत्र के किसान हरुना धान फसल की कटाई में जुट गए हैं। इसमें एक हजार दस, सिल्खी मंजू गोल्ड, साठिया इत्यादि धान फसल की कटाई हाथ से की जा रही है। कुछ किसान कटाई होने के बाद खलियान में ही थ्रेसर मशीन से धान की मिंजाई करा रहे है। बड़े किसानों द्वारा हार्वेस्टर से कटाई कराई जा रही है। बताया जा रहा है कि अधिकांश किसानों ने हरुना धान का फसल लिया है, जो पककर तैयार भी गया है।

## सालों पुरानी जर्जर हो चुकी इंदिरा मार्केट की दुकानों का होगा कायाकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय कुमार पांडे, शंकर दयाल शर्मा इंजीनियर, अमन चंद्राकर, दिलीप कश्यप सहित पालिका टीम के साथ इंदिरा मार्केट की दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया पालिका द्वारा निर्मित इंदिरा मार्केट की दुकान अत्यंत जर्जर स्थिति पर पहुंच गई है। पालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने कहा कि तत्काल इन दुकानों के मरम्मत कराने का इस्टीमेट बनाकर शासन को भेजा जाए। दुकानों के अवलोकन के दौरान यह देखने को मिला कि मुख्य सड़क पर जब भारी वाहन चलते हैं तो उसके कंपन से दुकानों के छत से सीमेंट व रेत गिरने लगती है।

भवन की जर्जर दशा को देखते हुए इसे तत्काल मरम्मत करने की आवश्यकता है। चंद्राकर ने पालिका टीम से कहा कि तत्काल इस दुकानों स्थिति को दुरस्त करने के लिए कारगर कदम उठाए और शासन से इन दुकानों के लघु मरम्मत के लिए आवश्यकता अनुसार राशि स्वीकृत करा कर तत्काल मरम्मत कार्य प्रारंभ करने की बात पालिका टीम से कही।

## बकमा में अतिरिक्त कक्ष एवं सार्वजनिक रंगमंच भवन का हुआ लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बकमा में स्थित हायर सेकंडरी स्कूल भवन में 29 लाख 45 हजार की लागत से बने हुए अतिरिक्त कक्ष तथा 1.5 लाख की लागत से बकमा के नायक पारा में बने सार्वजनिक रंगमंच भवन का लोकार्पण पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच वीणा मिलन साहू ने की। वही विशेष अतिथि की आसंदी पर ग्राम बकमा के संरक्षक सफी मोहम्मद, ग्राम अध्यक्ष कमल राम साहू, उपाध्यक्ष हरख राम साहू, सुरेंद्र साहू तथा विशिष्ट अतिथि की आसंदी पर उपसरपंच मनीता कौशल नायक सहित ग्राम पंचायत बकमा के पंचगण विराजमान रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना से हुई। तत्पश्चात विधायक द्वारिकाधीश यादव एवं उपस्थित अतिथियों के कर कमलों सेअतिरिक्त कक्ष एवं रंगमंच भवन का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम के पश्चात गंगा साहू कृत आरंग का लोक बयार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया था। इस अवसर पर ग्राम पंच हीना पन्नालाल साहू, घसनीन बाघ, डिगेश्वरी खगेश्वर साहू, रूपकला लोचन पटेल, माधुरी धनीराम साहू, केसरी सुनील नायक, रजिया बसीर, खानमति समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए लगाए जा रहे शिविर का लाभ लें नए मतदाता : निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



- 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं का वोटर लिस्ट में नाम 23 तक जुड़ेगा

नगर के 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील नगर पालिका सभापति निखिलकांत साहू ने करते हुए कहा है कि जिनके वोटर आईडी में कोई त्रुटि या अन्य बदलाव करवाना है, उन सभी से अपने वार्डों के लिए लगाए जा रहे शिविर में उपस्थित होकर नाम जुड़वाने या त्रुटि सुधार करने का आग्रह किया है। साहू ने कहा कि आगामी नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनज़र निर्वाचन आयोग मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने एवं नाम संशोधन के लिए वार्डवार वार कैंप लगाया जा रहा। विभिन्न वार्डों में मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य 23 अक्टूबर तक चलेगा। अतः जो प्रथम बार मतदान या 18 वर्ष पूर्ण होने पर जिनका नाम सूची में नहीं जुड़ा है, वे अपने किसी परिजन का वोटर आईडी कार्ड और जिस व्यक्ति का नाम जुड़वाना है, उनका आधार कार्ड एवं पासपोर्ट साइज़ फोटो लेकर तहसील कार्यालय या च्वाइस सेंटरों के माध्यम से तथा वार्डवार लगाए जा रहे शिविरों में उपस्थित होकर सूची में नाम जुड़वा सकते हैं।

साथ ही वोटर आईडी में संशोधन, पता सुधार, अन्य वार्ड में नाम जुड़वाने के लिए अपने पार्षद या आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता से सम्पर्क कर समाधान करवा सकते हैं। साहू ने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने या संशोधन के लिए वार्डवार कैंप लगाए गए हैं। शासप्राशा कलाबाई महासमुंद में वार्ड 1 एवं 16 के नागरिकों के लिए शिविर आयोजित है। इसी तरह वार्ड 2 एवं 3 के लिए शाप्राशा ईमलीभाठा, वार्ड 4 एवं 10 के लिए शाप्राशा आंबेडकर नयापारा, वार्ड 5 एवं 7 के लिए शाप्राशा आंबेडकर नयापारा, वार्ड 8 एवं 9 के लिए छिपियापारा धाम गली आंगनबाड़ी केंद्र, वार्ड 6 एवं 11 के लिए सामुदायिक भवन वार्ड नं. 6 नयापारा, वार्ड 12 एवं 23 के लिए शाप्राशा पिटियाझर, वार्ड 13 एवं 22 के लिए शाप्रापा, वार्ड 24 एवं 25 के लिए शाप्राशा कुम्हारापारा, वार्ड 27 एवं 28 के लिए शाप्राशा गुडरूपारा, वार्ड 29 एवं 30 के लिए सांस्कृतिक भवन शंकराचार्य बागबाहरा रोड, वार्ड 15 एवं 20 के लिए शाप्राशा बृजराज महासमुंद, वार्ड 17 एवं 18 के लिए शाप्राशा कुर्मीपारा, वार्ड 14 एवं 19 के लिए शाप्राशा गंजपारा, वार्ड 26 एवं 21 के लिए शासकीय डीएमएस स्कूल मिनी स्टेडियम के पास महासमुंद में कैंप लगाए जा रहे हैं। जहां संबंधित वार्डों के नागरिकों का वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने व संशोधन का कार्य किया जा रहा है।

## दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

**बसना।** डीबी गर्ल्स शासकीय महाविद्यालय रायपुर में मॉडर्न एस्पेक्ट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय महाविद्यालय बसना की रसायन शास्त्र की सहायक अध्यापक आरती साव ने भी अपना पेपर प्रेजेंट किया और उनका टॉपिक था एंटी माइक्रोबॉयल एक्टिविटी ऑफ करक्यूमिन सिल्वर नैनोपार्टिकल्स ए रिव्यू। जिसमें उन्होंने बताया कि हल्दी से प्राप्त होने वाले पदार्थ करक्यूमिन का उपयोग एंटीफंगल, एंटी वायरस और एंटीबैक्टीरियल एजेंट के रूप में किया जाता है और इससे संबंधित अभी तक किए गए सभी रिसर्च के बारे में उन्होंने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि करक्यूमिन सिल्वर नैनोपार्टिकल्स के साथ



सहक्रियात्मक प्रभाव दर्शाता है, जिससे ये और ज्यादा प्रभावशीलरूप से क्रियाशीलता दर्शाते है। सिल्वर नैनोपार्टिकल के निर्माण में करक्यूमिन का प्रयोग किया जा रहा है, जो कि एक प्राकृतिक इनग्रेडिएंट है तो इससे कोई हानिकारक रसायन भी निष्कासित नहीं होते हैं जो कि पर्यावरण के अनुकूल है। इसका प्रयोग फूड पैकेजिंग में वॉटर प्यूरीफिकेशन सिस्टम, घावों को भरने, रिमोट सेंसिंग, एनर्जी स्टोरेज डिवाइस में भी किया जाता है।

### बोरिद स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला बोरिद में अजय मंगल सिंह ध्रुव (जनपद सदस्य) एवं उनके परिवार द्वारा अपने पिता स्व.कांशीराम ध्रुव (शिक्षक) के जन्मदिन पर न्यौता भोज का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने, बच्चों को अतिरिक्त खाद्य पदार्थ के रूप में पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन करने के उद्देश्य से प्रदाय किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शाला में न्यौता भोज रखा गया। जिसमें बच्चों को केला, सेव, खीर, पूड़ी, पापड़ एवं स्वादिष्ट भोजन परोसा गया। इस अवसर पर अजय मंगल सिंह ध्रुव (जनपद सदस्य), तुलसी राम ध्रुव, खेमसिंह ध्रुव, दीनदयाल ध्रुव, गोपाल ध्रुव (एसएमसी अध्यक्ष), हृदय पैकरा (विधायक प्रतिनिधि), रूखमणी ध्रुव, अरुणा ध्रुव, मेहतरीन यादव, नरबाई ध्रुव, यामिनी, वेदिका, बाबूलाल ध्रुव (प्रधान पाठक), बलराम बनवासी (शिक्षक) सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।




## त्यौहार पर स्काय ऑटोमोबाइल्स में बंपर ऑफर्स

- लिमिटेड एडिशन मॉडल्स भी उपलब्ध -

विज्ञापन

त्यौहार का मौका कई मायनो में खास होता है। खासकर वाहन खरीदी के लिए दीवाली का त्यौहार हो तो और भी खास हो जाता है। इन दिनों अपने लिए यदि नई कार खरीदने की सोच रहे हैं तो मारुति सुजुकी की छत्तीसगढ़ में 37 साल पुरानी डिलरशिप स्काई ऑटोमोबाइल्स द्वारा दिये जा रहे आफर्स और कीमत को एक बार जरूर देख लें। जिन्होने हर ऐसे मौकों पर ग्राहकों के फायदे को पहली प्राथमिकता दी है और उनकी जरूरतों को पूरा किया है तभी तो स्काई ऑटोमोबाइल्स ने संपूर्ण छत्तीसगढ़ में लगभग 2 लाख से ज्यादा संतुष्ट ग्राहकों के नई गाड़ी के सपनों को पूरा करने का मौका दिया है।

दीवाली के लिए स्काई ऑटोमोबाइल्स ने अपने ग्राहकों के लिए खास पेशकश की है ताकि हर घर-आंगन में कार पहुंचे और आपकी त्यौहारी खुशियां रौशन हो। देर किस बात की पहुंचे स्काई ऑटोमोबाइल्स जहां आपका इंतजार हो रहा है। हर बजट, हर पसंद की वो कार मिलेगी तब आप भी भरोसे के साथ कह सकेंगे स्काई ऑटोमोबाइल्स है तो भरोसा है।

**स्काय ऑटोमोबाइल्स में नेक्सा कारों पर 2,50,000 रुपये तक की विशेष छूट**

स्काई ऑटोमोबाइल्स के संचालकों ने बताया कि बाजार में उत्सव का माहौल है। हम अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम अनुभव प्रदान करने के लिए साथ ही पुरानी वाहनों के एक्सचेंज पर मार्केट से अधिक मूल्य प्रदान करेंगे साथ ही आकर्षक एक्सचेंज बोनस, न्यूनतम ब्याज दर, लो डाउन पेमेंट विकल्प और बंपर गिफ्ट ऑफर स्क्रैच कूपन के माध्यम से जीतने का सुनहरा मौका, यह स्कीम उन लोगों के लिए है जो इस दीपावाली में एक नई कार खरीदने की योजना बना रहे हैं। इस ऑफर के माध्यम से इस फेस्टिव सीजन का अधिकतम लाभ उठा सकें। चूंकि त्यौहारी सीजन है इसलिए हर दिन मांग में वृद्धि होगी और अधिक संख्या में ग्राहक शो रुम पहुंचेंगे इसलिए आज ही अपनी बुकिंग करा सकते हैं।

स्काई ऑटोमोबाइल्स ने ग्राहकों की सुविधा के लिए रायपुर में मेक इंडिया स्क्वेयर, तेलीबांधा पर एक और नए भव्य शोरुम की शुरुआत की है।

